प्रादेशिक समाचार
02.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. पश्चिम एशिया संकट के बीच केन्द्र सरकार का बड़ा फैसला, पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर 30 जून तक सीमा शुल्क पूरी तरह माफ।
2. लातेहार में पांच लाख के इनामी नक्सली ने पुलिस के सामने डाले हथियार, राज्य में नक्सल विरोधी अभियान निर्णायक मोड़ पर।
3. सरायकेला कोऑपरेटिव बैंक के तैंतीस करोड़ के घोटाले में अदालत ने सुनाया फैसला, दोषियों को 10–10 साल की कड़ी सजा।
4. रांची रेल मंडल के लिए उपलब्धियों भरा रहा वित्तीय वर्ष 2025–26, समय पालन में हासिल किया 90 फीसदी से अधिक का लक्ष्य।
5. रांची में राष्ट्रीय सब–जूनियर हॉकी का रोमांच जारी, दूसरे दिन गोवा, चंडीगढ़, बंगाल और उत्तराखंड ने मारी बाजी।

****************

पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने अहम पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर 30 जून 2026 तक पूरी कस्टम ड्यूटी माफ कर दी है। सीबीआइसी के सदस्य संजय मंगल ने बताया कि यह अस्थायी राहत घरेलू उद्योगों को कच्चा माल सुनिश्चित करने और आपूर्ति में स्थिरता बनाए रखने के लिए दी गई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अपर सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि निर्यातकों को अपनी निर्यात प्रतिबद्धताएं पूरी करने के लिए 31 अगस्त 2026 तक का अतिरिक्त समय दिया गया है। इस दौरान लाइसेंस की वैधता समाप्त नहीं होगी और न ही कोई जुर्माना लगेगा। इससे निर्यातकों को लागत प्रतिस्पर्धी बनाए रखने में मदद मिलेगी।

****************

लातेहार में नक्सली संगठन जेजेएमपी के पांच लाख रुपये के इनामी सब जोनल कमांडर सुरेंद्र लोहरा ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। उसने पलामू आईजी शैलेंद्र सिन्हा और एसपी कुमार गौरव की मौजूदगी में सरेंडर किया। पुलिस अधिकारियों ने बुके देकर मुख्यधारा में लौटने पर उसका स्वागत किया। साथ ही पांच लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक सौंपा है। आईजी शैलेंद्र सिन्हा ने अन्य बचे नक्सलियों से भी मुख्यधारा में लौटने की अपील की है। लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि लगातार अभियानों के कारण नक्सलियों की कमर टूट चुकी है और लातेहार जिला अब पूरी तरह नक्सल मुक्त होने के कगार पर है।

****************

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यूपीआई ने इस साल मार्च में बाईस अरब चौंसठ करोड़ लेनदेन का आंकड़ा पार किया है। यह किसी एक महीने में यूपीआई से हुए लेन देन का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। लेन देन की मात्रा में सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह जानकारी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से दी गई है। इससे पहले फरवरी महीने में बीस अरब उनचालीस करोड़ रूपये के लेन देन हुए थे।

****************

झारखंड में डिजिटल जनगणना 2026–27 के तहत पहले चरण का मकान सूचीकरण कार्य शुरू हो गया है। रांची के जिला सांख्यिकी पदाधिकारी शेषनाथ बैठा ने बताया कि नागरिक 1 से 15 मई तक ऑनलाइन स्व–गणना कर सकते हैं। इसके बाद प्रगणक घर–घर जाकर डेटा संकलन का काम पूरा करेंगे। उन्होंने बताया कि पहली बार जनगणना का कार्य पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से हो रहा है।

****************

सरायकेला कोऑपरेटिव बैंक के तैंतीस करोड़ रुपये के चर्चित घोटाले में एसीबी की विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने स्थानीय व्यवसायी संजय डालमिया और तत्कालीन शाखा प्रबंधक सुनील सतपति को दस–दस साल के कारावास की सजा सुनाई है। वहीं बैंक कर्मचारी मनीष देवगन को पांच साल की कैद हुई है।

****************

देश का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025–26 में 38 हजार चार सौ 24 करोड़ रूपए था। ये पिछले वित्त वर्ष के 23 हजार 622 करोड़ रुपये के आंकड़े से कहीं अधिक है। 14 हजार 802 करोड़ रुपये से अधिक की ये वृद्धि 62 दशमलव छह–छह प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह वृद्धि वैश्विक स्तर पर भारत के रक्षा उपकरणों की साख को दर्शाती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत, दुनिया भर में रक्षा उपकरणों का विनिर्माण केंद्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत, रक्षा निर्यात में लगातार सफलता प्राप्त कर रहा है।

****************

रांची रेल मंडल के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 उपलब्धियों से भरा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक करुणा निधि सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मंडल ने ट्रेनों के समय पालन में 90 प्रतिशत से अधिक का रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल किया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में शुरू हुई आनंद विहार–पुरुलिया एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन रांची के रास्ते बनारस, लखनऊ और अयोध्या जैसे प्रमुख धार्मिक शहरों को जोड़ती है। इसके अलावा, मंडल ने 25 करोड़ रुपये का स्क्रैप बेचकर नया रिकॉर्ड बनाया है और रांची स्टेशन यार्ड की री–मॉडलिंग कर नए प्लेटफॉर्म व शेडिंग यार्ड विकसित किए जा रहे हैं।

****************

हनुमान जन्मोत्सव पर आज राज्य भर में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुमला के प्रसिद्ध आंजन धाम में पवनपुत्र के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस पावन अवसर पर विशेष पूजा–अर्चना, हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और पूरा परिसर हनुमान चालीसा के पाठ से गूंज उठा। इस दौरान श्रद्धालु बेहद उत्साहित दिखे।

****************

जमशेदपुर में विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर एस्पायर मदर्स टीम ने वॉकथॉन और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय और पद्मश्री पूर्णिमा महतो ने विशेष बच्चों और उनकी माताओं के समर्पण की सराहना की।

****************

राज्य में कल मौसम मुख्य रूप से साफ और शुष्क बना रहेगा। दिन के समय धूप खिले रहने से तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी का अहसास होगा। हालांकि, इसके अगले दिन यानी 4 अप्रैल से मौसम में बदलाव के आसार जताए गए हैं।

****************

राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन आज कुल चार रोमांचक मुकाबले खेले गए। दिन भर चले इन मैचों में गोवा, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़ और उत्तराखंड की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की है। दिन के पहले मुकाबले में गोवा ने तेलंगाना को 6–3 से हरा दिया। दूसरा मुकाबला काफी कड़ा रहा, जहां पश्चिम बंगाल ने दादर नगर हवेली और दमन एवं दीव को 1–0 से मात दी। तीसरे मैच में चंडीगढ़ ने गुजरात पर एकतरफा दबदबा बनाते हुए 12–1 से बड़ी जीत दर्ज की। दिन के आखिरी मुकाबले में उत्तराखंड ने कर्नाटक को 6–1 से पराजित किया।

********समाप्त*********